**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 19.02.2022**

# गर्ल्स कॉलेज में
# कैम्पस न्यूज का विमोचन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के विकास की विभिन्न गतिविधियों के साथ नैक मूल्यांकन के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. के न्यूज लेटर ''कैम्पस न्यूज'' का विमोचन अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने किया।

बैठक के प्रारंभ में प्रभारी प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने संचालन करते हुए पूर्व बैठक की कार्यवाही का पठन अनुमोदन हेतु किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में नैक मूल्यांकन में महाविद्यालय को मिले ग्रेड एवं अन्य जानकारियाँ विस्तार से दी।

बैठक में खनिज न्यास से बनने वाले अध्ययन कक्ष तथा विधायक निधि से प्रस्तावित कम्प्यूटर कक्ष की प्रगति की समीक्षा की गई।

प्राचार्य ने महाविद्यालय में सभागार की आवश्यकता बतायी। प्राचार्य ने महाविद्यालय की बाऊंड्रीवॉल की रिपेयरिंग के संबंध में कार्यवाही की जानकारी दी।

बैठक में महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए वैल्यु एडेड कोर्स तथा मूर्तिकला पाठ्यक्रम के लिए वर्कशॉप निर्माण का अनुमोदन किया गया।

बैठक में अपने संबोधन में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने पारित सभी निर्माण संबंधी प्रस्तावों पर विधायक महोदय से चर्चा कर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर श्रीमती अंजु जैन, श्री परमजीत सिंह भुई, कु. अंकिता स्वर्णकार ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में डॉ. अमिता सहगल, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. के.एल. राठी भी उपस्थित थे।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)